UNNAO POLICE

**प्रेस नोट - दिनांक 17.08.2026**

**थाना गंगाघाट, जनपद उन्नाव।**

## पुलिस मुठभेड़ में लूट की घटना कारित करने वाला तीन अभियुक्त गिरफ्तार

## एसओजी, सर्विलांस एवं थाना गंगाघाट पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गयी कार्यवाही

## अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस 315 बोर,03 जिंदा कारतूस 315 बोर, लूटी गई अपाचे बाइक, सोने व चांदी के आभूषण व लूट के 2,95,000 रुपये नकद बरामद

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 07.08.2026 को वादिनी वैशाली( किन्नर) पुत्री हरिशंकर उम्र करीब 34 वर्ष निवासिनी ग्राम नई बस्ती डकारी कर्मी बिजालमऊ थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव की तहरीर पर थाना गंगाघाट पर तहरीर मु0अ0सं0 मु0अ0स0-441/26 धारा 309(6) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। जिसके अनावरण हेतु थाना गंगाघाट पुलिस व एसओजी व सर्विलांस टीम द्वारा प्रयास किये जा रहे थे। दिनांक 16.08.2026 को मुखबिर द्वारा थाना गंगाघाट पुलिस को सूचना दी गयी की उपरोक्त घटना से संबंधित अभियुक्त वहां मौजूद है। मुखबिर की सूचना पर थाना गंगाघाट क्षेत्रान्तर्गत कनोड़िया पम्प के आगे विकलांग स्कूल के गेट के अन्दर थाना गंगाघाट पुलिस व एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा समय करीब 21.25 बजे दबिश दी गयी तो मौके पर मौजूद 02 बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर कर भागने का प्रयास किया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्यवाही में दोनों बदमाशो के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल होकर गिर गये तथा मौके पर उनका एक तीसरा साथी भी मौजूद मिला। तीसरे बदमाश को पुलिस द्वारा मौके पर हिरासत में लिया गया। पूछताछ में अभियुक्तो ने अपना नाम 1. शईम उर्फ सोएब पुत्र स्व० महमूद नि० कोराई थाना मलवा जनपद फतेहपुर (गिरफ्तार) उम्र 25 वर्ष वर्तमान पता ग्राम महापुर लखनऊ बाईपास चौकी थाना कोतवाली फतेहपुर जनपद फतेहपुर 2. शफीक उर्फ जग्गा पुत्र कल्लू नि० घूमनगंज थाना खागा जनपद फतेहपुर (गिरफ्तार) उम्र 30 वर्ष वर्तमान पता ग्राम फिरोजपुर थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर (जुग्गल नि० आलमगंज डिगनी थाना बिन्दकी फतेहपुर के बाग में फार्म हाऊस में 05 वर्ष से रह रहा है 3. अली रजा उर्फ राजा पुत्र आजाद नि० बाबूपुरवा जनपद कानपुर नगर बताया तथा थाना गंगाघाट क्षेत्रान्तर्गत ग्राम डकारी में घटित लूट की घटना कारित करना स्वीकार किया। अभियुक्त गण के कब्जे से 2,95,000 रूपये नकद , लूटे गये तीन अदद मोबाइल, 02 अदद तमंचे 315 बोर, 02 खोखा कारतूस 315 बोर, 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं सोने व चांदी के आभूषण व लूटी गई अपाचे बाइक बरामद हुई है। अभियुक्त शईम उर्फ सोएब व अभियुक्त शफीक उर्फ जग्गा उपरोक्त को पुलिस टीम द्वारा जिला अस्पताल उन्नाव भेजा गया है। घटना में शामिल चौथा अभियुक्त चोरी के अभियोग मे जनपद फतेहपुर जेल में बन्द है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 309(2)/3017(2)/317(4)/109 बीएनएस 3/5/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी करते हुए विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण-** पूछताछ में अभियुक्त शफीक उर्फ जग्गा द्वारा बताया गया कि लगभग दो माह पूर्व शोयब उर्फ शईम ने कानपुर के पास गंगापार स्थित एक मकान में भारी मात्रा में नकदी एवं सोने-चांदी के आभूषण होने की जानकारी दी थी। शोयब के माध्यम से मो0 शकील उर्फ राजा से संपर्क हुआ, जिसने घटना स्थल तक पहुंचने में सहयोग किया। दिनांक 06/07.08.2026 की रात्रि में शफीक, शोयब, वारिस उर्फ बालवीर एवं राजा द्वारा मिलकर वैशाली किन्नर के घर में सीढ़ी के रास्ते प्रवेश किया गया। अंदर मौजूद व्यक्तियों को मारपीट कर दुपट्टे से बांध दिया गया तथा मौके से नकद रूपये, सोने-चांदी के आभूषण, 03 मोबाइल फोन, एक अपाचे बाइक एवं सीसीटीवी का डीवीआर लूट लिया गया। लूट के बाद आरोपियों द्वारा काशीराम कॉलोनी, सनिगवां में लूटे गये माल का बंटवारा किया गया, जिसमें शफीक के हिस्से ₹1.40 लाख आये, जबकि आभूषण एवं मोबाइल शोयब ने अपने पास रख लिये। अभियुक्त ने बताया कि घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड/डण्डा एवं डीवीआर गंगानदी के पुल से गहरे पानी में फेंक दिया गया था।

## नाम पता अभियुक्तगण –

01. शईम उर्फ सोएब पुत्र स्व० महमूद नि० कोराई थाना मलवा जनपद फतेहपुर (गिरफ्तार) उम्र 25 वर्ष वर्तमान पता ग्राम महापुर लखनऊ बाईपास चौकी थाना कोतवाली फतेहपुर जनपद फतेहपुर

02. शफीक उर्फ जग्गा पुत्र कल्लू नि० घूमनगंज थाना खागा जनपद फतेहपुर (गिरफ्तार) उम्र 30 वर्ष वर्तमान पता ग्राम फिरोजपुर थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर (जुग्गल नि० आलमगंज डिगनी थाना बिन्दकी फतेहपुर के बाग में फार्म हाऊस में 05 वर्ष से रह रहा था)

03. अली रजा उर्फ राजा पुत्र आजाद नि० बाबूपुरवा जनपद कानपुर नगर

## बरामदगी:

1. 06 अदद पीली धातु के कंगन
2. 07 अदद पीली धातु की चूड़ी
3. 01 अदद जोड़ी झुमका बडे पीली धातु
4. 01 अदद बेसर पीली धातु
5. 01 अदद चेन बड़ी पीली धातु 01 लर की
6. 01 अदद चेन बड़ी पीली धातु पेडेन्ट के साथ
7. 01 अदद चेन बड़ी पीली धातु चेन 03 लर की
8. 01 अदद गले की चेन पीली धातु
9. 01 अदद जोड़ी झाला पीली धातु
10. 01 अदद मंगल सूत्र मय पैडल धातु
11. 01 अदद रानी हार पीली धातु
12. 03 अदद बड़ी अंगूठी पीली धातु
13. 02 अदद अगूठी सफेद धातु
14. 01 अदद माथ बेदी पीली धातु
15. 04 अदद झुमके पीली धातु मय मोती
16. 01 अदद कान के टप्स सफेद धातु
17. 01 अदद हाथ का ब्रेसलेट
18. 01 जोडी कान के टप्स पीली धातु
19. 01 जोड़ी सुई धागा पीली धातु
20. 01 जोड़ी पायजेब सफेद काली धातु
21. 02 जोड़ी पायल सफेद धातु
22. 05 अदद बाल काटा
23. 01 अदद श्रीयन्त्र
24. 01 जोड़ी अगूठी सफेद धातु
25. 01 ब्रेसलेट सफेद धातु
26. 03 अदद मोबाइल
27. 02 अदद तमंचा 315 बोर, 03 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर व 02 अदद खोखा कारतूस
28. अपाचे मोटर साइकिल बगैर नम्बर प्लेट काला रंग

1.सोएब से 1,05,000/-रुपये (एक लाख पाँच हजार रुपये) व तथाकथित जेवर बरामद
2.शफीक उर्फ जग्गा से 1,40,000/-(एक लाख चालीस हजार रुपये) बरामद
3.अली रजा से 50,000/- (पचास हजार) बरामद
**कुल रुपया 2,95,000/- रुपये**

## आपराधिक इतिहास- आपराधिक इतिहास

**01.अभियुक्त शईम उर्फ सोएब पुत्र स्व० महमूद नि० कोराई थाना मलवा जनपद फतेहपुर उम्र 25 वर्ष वर्तमान पता ग्राम महापुर लखनऊ बाईपास चौकी थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर**

1.मु0अ0सं0 03/25 धारा 03/25 आर्म्स एक्ट थाना राधा नगर जनपद फतेहपुर
2.मु0अ0सं0 154/22 धारा 120(बी),342,392,411,414 भादवि थाना बाबूपुरवा जनपद कानपुर नगर

**2.शफीक उर्फ जग्गा पुत्र कल्लू नि० घूमनगंज थाना खागा जनपद फतेहपुर उम्र 30 वर्ष वर्तमान पता ग्राम फिरोजपुर थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर**

1. मु0अ0सं0 286/09 धारा 380,411,457 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद फतेहपुर
2. मु0अ,सं0 292/09 धारा 380,457 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद फतेहपुर
3. मु0अ0सं0 184/24 धारा 321/09 धारा 380,411,454 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद फतहपुर
4. मु0अ0सं0 254/15 धारा 303(2),317 (2) बीएनएस थाना गाजीपुर जनपद फतहपुर
5. मु0अ0सं0 375/15 धारा 379,411 भादवि थाना खागा जनपद फतहपुर
6. मु0अ0सं0 378/16 धारा 4,5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम थाना खागा जनपद फतहपुर
7. मु0अ0सं0 446/16 धारा 380,457 भादवि थाना खागा जनपद फतेहपुर
8. मु0अ0सं0 449/16 धारा 380,457 भदवि थाना खागा जनपद फतेहपुर
9. मु0अ0सं0 451/16 धारा 120-बी, 380,411,457 भदवि थाना खागा जनपद फतेहपुर
10. मु0अ0सं0 483/16 धारा 120-बी, 380,411,457 भदवि थाना खागा जनपद फतेहपुर
11. मु0अ0सं0 555/16 धारा 2/3 गुण्डा अधिनियम थाना खागा जनपद फतेहपुर
12. मु0अ0सं0 331/25 धारा 303(2),317 (2) बीएनएस थाना खागा जनपद फतेहपुर
13. मु0अ0सं0 205/25 धारा 317(2), 317 (4) BNS व 20/8 NDPS Act थाना थरियांव जनपद फतेहपुर
14. मु0अ0सं0 321/09 धारा 380,411,454 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद फतेहपुर

## गिरफ्तार करने वाली टीम

## थाना गंगाघाट पुलिस -

| | |
|---|---|
| प्र0नि0 श्री अजय कुमार सिंह | का0 अर्पित चौधरी |
| चौ0प्र0 उ0नि0 श्री विनोद सिंह | का0 संतोष यादव |
| उ0नि0 श्री मान सिंह यादव | का0 शेर सिंह |
| उ0नि0 श्री मूलचन्द्र पाठक | का0 कोमल प्रसाद |
| हे0का0 नीरज कुमार | का0 भोलेन्द्र सिंह |
| हे0का0 रोहित यादव | का0 आशीष यादव |
| का0 अंकुर तोमर | का0 सुशान्त सिंह |

## सर्विलांस टीम

| | |
|---|---|
| प्रभारी सर्विलांस श्री अतुल कुमार वर्मा | का0 प्रशान्त बालियान |
| हे0का0 सुदीप कटियार | का0 आकाश बालियान |
| हे0का0 शीतांश गंगवार | का0 अरुण कुमार |

## एसओजी टीम

| | |
|---|---|
| एसओजी प्रभारी श्री जयप्रकाश यादव | का0 गौरव चौधरी |
| उ0नि0 श्री मंसूर अहमद | का0 विकास भदौरिया |
| हे0का0 आशीष मिश्रा | का0 रवि कुमार |
| हे0का0 रोहित शर्मा | का0 नितीश |
| का0 शुभम तोमर | का0 हरेश |
| का0 राहुल | का0 अभय |

**पुरस्कार-** **पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ रेंज द्वारा घटना का सफल अनावरण करने वाली पुलिस टीम को 50,000/- रूपये इनाम देने की घोषणा की गई है।**